भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-**1160**
सोमवार, 25 नवम्बर, 2019/04 अग्रहायण, 1941 (शक)

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को धनराशि

1160. श्री सुनील कुमार पिन्टूः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में विशेष रूप से बिहार में ब्लॉक/पंचायत स्तर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई॰टी॰आई॰) खोलने और इसके लिए इन सरकारों को प्रोत्साहित करने के अलावा इस उद्देश्य के लिए राज्य सरकारों को धन उपलब्ध कराने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआइज) की स्थापना करना तथा इसका संचालन करना संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है जबकि मानदण्ड निर्धारित करना तथा परीक्षा आयोजित करने व प्रमाणन के साथ-साथ पाठ्यक्रम डिजाइन करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय ने देश में बिहार सहित विभिन्न राज्यों के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) की स्थापना हेतु निम्नलिखित योजनाएं प्रतिपादित की हैः

(I) **वामपंथी अतिवाद से प्रभावित 47 जिलों में कौशल विकासः** योजना को मार्च, 2011 में 31 मार्च, 2012 तक की अवधि हेतु 241.65 करोड़ रु. की कुल लागत के साथ तैयार किया गया था। इसके उपरांत, इस योजना को तीन बार संशोधित किया गया है। वर्तमान में योजना की लागत रु. 407.85 करोड़ है। योजना में अन्य बातों के साथ-साथ 10 राज्यों के 47 जिलों में प्रति एक आईटीआई की दर से 47 नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) तथा प्रति जिला 2 एसडीसीज की दर से 68 कौशल विकास केंद्रों (एसडीसीज) की स्थापना करने की परिकल्पना की गई है। कवरेज तथा जारी निधि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(II**) पूर्वोत्तर राज्यों में कौशल विकास अवसंरचना बढ़ानाः** योजना वर्ष 2011 में रु. 57.39 करोड़ की कुल लागत से तैयार की गई थी। योजना को, सितम्बर, 2018 में लागत रु. 417.93 करोड़ तथा कवरेज को बढ़ाते हुए संशोधित किया गया है तथा योजना की अवधि 31 मार्च, 2020 तक है। योजना में अन्य बातों के साथ-साथ देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 34 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करने की परिकल्पना की गई है। जारी निधि एवं कवरेज का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

अनुबंध - I

श्री सुनील कुमार पिंटू द्वारा 25.11.2019 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित लोक सभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1160 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध

योजना के तहत जारी निधि तथा कवरेज का विवरण नीचे दिया गया हैः-

(क) वामपंथी अतिवाद से प्रभावित 47 जिलों में कौशल विकासः योजना के तहत जारी निधि (केवल केंद्र का हिस्सा) तथा कवरेज नीचे दिया गया हैः

क्र.सं.	राज्य	जिलों की संख्या	आईटीआइज तथा एसडीसीज की स्थापना हेतु शामिल जिले	आरंभ से जारी निधि (रु. लाख में)
1	आंध्र प्रदेश	1	विशाखापट्टनम	412.92
2	तेलंगाना	1	खम्मम	355.84
3	**बिहार**	**9**	**जमुई, गया, औरंगाबाद, रोहतास, जहानाबाद, अरवल, मुजफ्फरपुर, बांका और नवादा**	**3152.52**
4	छत्तीसगढ़	9	दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, सरगुजा, राजनंदगांव, बीजापुर नारायणपुर, सुकमा और कोंडागांव	4147.58
5	झारखंड	16	चतरा, पश्चिम सिंहभूम, पलामू, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, लातेहार, हजारीबाग, गिरिडीह, खूंटी, रांची, दुमका, रामगढ़ और सिमडेगा	6875.89
6	मध्य प्रदेश	1	बालाघाट	474.45
7	महाराष्ट्र	2	गढ़चिरौली, गोंडिया	602.43
8	ओडिशा	6	गजपति, मलकानगिरी, रायगडा, देवगढ़, संबलपुर और कोरापुट	2647.19
9	उत्तर प्रदेश	1	सोनभद्र	474.45
10	पश्चिम बंगाल	1	पश्चिम मिदनापुर (लालगढ़ क्षेत्र)	474.45
	कुल	47		19617.72

ख) पूर्वोत्तर राज्यों में कौशल विकास अवसंरचना बढ़ानाः योजना के अंतर्गत कवरेज तथा जारी निधि (केवल केंद्र का हिस्सा) नीचे दिया गया हैः

क्र.सं.	**राज्य**	**क्र. सं.**	**शामिल जिलें**	**आईटीआई का नाम**	**आरंभ से राज्यवार जारी निधि (रु. लाख में)**
1	अरुणाचल प्रदेश (9)	1	पापुम पारे	न्यू सगाली	3984.88
		2	जीरो (लोअर सुबनसिरी)	माणिपोलियांग	
		3	पूर्वी सियांग	मिपांग	
		4	लोंगडिंग	कानुबारी	
		5	तवांग	तवांग	
		6	पूर्वी कामेंग	पूर्वी कामेंग	
		7	कुरुंगकुमेय	कुरुंगकुमेय	
		8	पश्चिम सियांग	पश्चिम सियांग	
		9	नमसाई	नमसाई	
2	नागालैंड (4)	1	पेरेन	पेरेन	1099.00
		2	दीमापुर	दीमापुर	
		3	लोंगलेंग	लोंगलेंग	
		4	किफायर	किफायर	
3	असम (5)	1	नलबाड़ी	नलबाड़ी	1310.88
		2	बोंगईगांव	अभयपुरी	
		3	जोरहाट	जोरहाट	
		4	तिनसुकिया	काकोपथार	
		5	सोनितपुर	रंगापारा	
4	मणिपुर (4)	1	इम्फाल पूर्व	सेकमाई	776.52
		2	सेनापति	कंग्पोक्पी	
		3	फेरज्वल	फेरज्वल	
		4	नोने	नोने	
5	मिजोरम (3)	1	सेरछिप	सेरछिप	1682.91
		2	चम्फाई	चम्फाई	
		3	कोलासिब (थिंगड्वाल)	कोलासिब (थिंगड्वाल)	
6	सिक्किम (3)	1	दक्षिण जिला	केउचिंग	571.17
		2	सोकेथ्यांग	सोकेथ्यांग	
		3	पश्चिम सिक्किम	पश्चिम सिक्किम	
7	त्रिपुरा (3)	1	उत्तर त्रिपुरा	कंचनपुर	2298.75
		2	धलाई	गंडाचेरा	
		3	दक्षिण त्रिपुरा	शांतिरबाजार	
8	मेघालय (3)	1	दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स	अम्पाती	491.05
		2	दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स	मावकिर्वट	
		3	पूर्व जयंतिया हिल्स	पूर्व जयंतिया हिल्स	
	कुल	34			12215.16

(ग) ..लागू नहीं।

*****